## खबर संक्षेप

### राजस्व अधिकारियों की बैठक आज होगी

**विदिशा।** कलेक्टर अंशुल गुप्ता की अध्यक्षता में राजस्व अधिकारियों की मासिक बैठक आज कलेक्ट्रेट के बेतवा सभागार में सुबह 11 बजे से शुरू होगी। बैठक में शिक्षा विभाग के अंतर्गत शासकीय शालाओं की हरित क्रांति की भूमि अतिक्रमण मुक्त कराने संबंध में चर्चा, छात्रों की संख्या को देखते हुए आस-पास अन्य विभागों के भवन में शाला लगाए जाने संबंध में चर्चा, विद्यांजलि पोर्टल में स्कूलों की आवश्यकताओ की मांग दर्ज करने के संबंध में समीक्षा की जाएगी।

### विकसित भारत पर सेमिनार आयोजित

**विदिशा।** शिक्षा एवं मानव संसाधन विकास को सुदृढ़ बनाने के उद्देश्य से ह्यूमन कैपिटल फॉर विकसित भारत विषय पर जिला स्तरीय सेमिनार का आयोजन किया गया। सेमिनार में विद्यालय शिक्षा की गुणवत्ता, भवन विकास, बुनियादी सुविधाएं, साक्षरता व कौशल विकास तथा परिणामोन्मुखी शिक्षा पर चर्चा हुई। श्रीमती मिश्रा ने कहा कि शिक्षा में सुधार सामूहिक प्रयासों से ही संभव है। उन्होंने सुझावों के आधार पर एक समिति गठन की घोषणा की, जो नियमित समीक्षा कर निर्णयों को अमल में लाएगी।

### किसानों को फसल संबंधी जानकारी दी

**विदिशा।** ग्राम पंचायत जोगी किर्रोदा में फसल बीमा समन्वयक शुभम मीणा द्वारा कृषक पाठशाला के माध्यम से किसानों को खरीफ की फसल बीमा योजना की जानकारी दी गई। बताया गया कि 1 से 31 जुलाई तक बीमा कराया जा सकता है। सोयाबीन के लिए 727, धान सिंचित 1134 एवं असिंचित 575 प्रीमियम निर्धारित है।

### अवैध शराब के मामले में दो आरोपी गिरफ्तार

**विदिशा।** अवैध शराब के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत आबकारी विभाग ने दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। कलेक्टर के निर्देश एवं जिला आबकारी अधिकारी विनय रंगशाही व सहायक आबकारी अधिकारी राजीव थापक के मार्गदर्शन में 17 जुलाई को कार्रवाई की गई।ग्राम नादौर, ग्यारसपुर से आबकारी अधिनियम के मामले में फरार आरोपी देवराज गुलाब सिंह लोधी को गिरफ्तार किया गया। वहीं वारंटी आरोपी महेश पुत्र ज्ञान अहिरवार उम्र 33 वर्ष निवासी ठर्र को रेलवे स्टेशन विदिशा के पास से पकड़ा गया। दोनों आरोपियों को न्यायालय में पेश किया गया है।

### गुड ब्राइट फ्यूचर स्कूल में नशा मुक्ति कार्यक्रम

**विदिशा।** नशे से दूरी है जरूरी अभियान के तहत गुड ब्राइट फ्यूचर हाई स्कूल में जन-जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। थाना प्रभारी विमलेश राय ने बताया कि 150 छात्र-छात्राओं, अभिभावकों व आमजन को नशे के दुष्परिणाम बताए और नशा मुक्त समाज की शपथ दिलाई। इस दौरान बड़ी संख्या में छात्र- छात्राएं व पालक मौजूद रहे।

धुंधली नंबर प्लेट से हुई शंका, मुखबिर और गुप्त सूत्रों से हाथ लगे सुराग

# भोपाल से सागर तक के 350 सीसीटीवी खंगाले 250 लोगों की पूछताछ कर तीन आरोपी दबोचे

**रात दो बजे दोनों के घर वापस जाने की भी की कराई गई थी रैकी, ताकि मौका हाथ से न निकल जाए।**

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

पार्षद प्रतिनिधि जमना कुशवाह और धर्मेंद्र सक्सेना को टक्कर मारने वाली कार और आरोपियों को गिरफ्तार कर पुलिस ने शुक्रवार को पूरे मामले का खुलासा किया। टक्कर से कार भी क्षतिग्रस्त हुई थी। जिसे आरोपियों ने एक मैकेनिक के यहां दुरस्त करा लिया था ताकि किसी को पता न चले की इसी कार से एक्सीटेंट किया गया है।

बीते 13 जुलाई की रात हुए इस मामले को सुलझाने के लिए पुलिस ने गहन छानबीन के बाद तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से घटना में प्रयुक्त बलेनो कार भी जब्त कर ली है। प्रारंभिक जांच में यह घटना एक साधारण दुर्घटना नहीं, बल्कि पुरानी रंजिश के चलते रची गई साजिश के तहत की गई जानलेवा टक्कर पाई गई है। गौरतलब है कि 13 जुलाई की रात लगभग 2 बजे पार्षद प्रतिनिधि जमना प्रसाद कुशवाह अपने मित्र धर्मेंद्र सक्सेना के साथ स्कूटी से गल्ला मंडी की ओर से अपने घर लौट रहे थे। जैसे ही वे लड्डा एजेंसी वाली गली के मोड़ पर पहुंचे, तभी पीछे से तेज रफ्तार में आई एक कार ने स्कूटी को जबरदस्त टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जोरदार थी कि दोनों युवक सड़क पर दूर जा गिरे और गंभीर रूप से घायल हो गए। प्रारंभ में यह एक हादसा प्रतीत हुआ, लेकिन घटना की परिस्थितियों और बयान के आधार पर पुलिस ने इसमें गहरी साजिश की आशंका जताई और मामले की जांच तेज कर दी। एसपी रोहित काशवानी के निर्देशन में गठित विशेष जांच दल ने इस मामले की गंभीरता को देखते हुए तकनीकी साक्ष्य जुटाने की दिशा में बड़ा अभियान शुरू किया। आखिरकार आरोपी पुलिस के हत्थे चढ़ गए।इस मामले में पुलिस ने रैकी करने वाले दो आरोपी हर्ष चौकसे और सुमित मालवीय को भी गिरफ्तर कर सह आरोपी बनाया है। सभी आरोपी विदिशा के अरिहंत विहार और मंडी क्षेत्र के हैं।



विदिशा। वारदात के संबंध में जानकारी देते हुए एसपी रोहित काशवानी।



विदिशा। पुलिस गिरफ्त में आए वारदात को अंजाम देने वाले तीनों आरोपी।

### एक- एक कड़ी जोड़कर आरोपियों तक पहुंचे

जांच टीम ने भोपाल से लेकर सागर तक के मार्गों पर लगे 350 से अधिक सीसीटीवी कैमरों की रिकॉर्डिंग खंगाली। कई घंटों की फुटेज देखने के बाद टीम को एक संदिग्ध ग्रे रंग की बलेनो कार दिखी, जिसकी नंबर प्लेट धुंधली थी। यह क्लू पुलिस के लिए अहम साबित हुआ। इसके बाद मुखबिरों की सूचना, गुप्त सूत्रों और तकनीकी विश्लेषण के आधार पर संदिग्ध कार को ट्रेस कर जब्त कर लिया गया। पुलिस ने मामले से जुड़े सभी संभावित सुरागों को जोड़ते हुए करीब 200 से 250 लोगों से पूछताछ की। पुलिस अधीक्षक श्री काशवानी ने बताया कि इस मामले में आगे भी जांच जारी है और सभी पहलुओं को ध्यान में रखकर कार्रवाई की जा रही है।

### पुरानी रंजिश पर जान से मारने की थी साजिश

पुलिस ने गहन पूछताछ और साक्ष्यों के आधार पर पुलिस ने तीन आरोपियों रितिक जैन उर्फ शालू (26) निवासी स्वर्णकार कॉलोनी, कार्तिक जैन (19) निवासी गल्ला मंडी गेट तथा प्रद्युमन राजपूत (22) को गिरफ्तार किया। पुलिस पूछताछ में आरोपियों ने अपना जुर्म कबूल कर लिया है। प्रारंभिक पूछताछ में यह बात सामने आई कि स्कूटी सवार जमना कुशवाह से उनकी पूर्व में किसी विवाद को लेकर रंजिश थी। इसी कारण उन्होंने जान से मारने की नीयत से इस वारदात को अंजाम दिया। यह घटना पूरी तरह पूर्व नियोजित थी और हादसे की आड़ में हत्या का प्रयास किया गया था।

सीएम हेल्पलाइन रैंकिंग में सिर्फ दो दिन शेष

# संतुष्टि पूर्वक निराकरण में लाएं तेजी, लापरवाही पर कार्रवाई तय



विदिशा। सीएम हेल्पलाइन के निराकरण के संबंध में कलेक्टर ने दिए निर्देश।

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

सीएम हेल्पलाइन की मासिक ग्रेडिंग रैंकिंग सूची में जिले की स्थिति मजबूत बनाए रखने के लिए कलेक्टर अंशुल गुप्ता ने सभी विभागों को गंभीरता से कार्य करने के निर्देश दिए हैं।

उन्होंने स्पष्ट कहा है कि आवेदनों के निराकरण में किसी भी स्तर पर लापरवाही या विलंब बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। यदि किसी विभाग में चूक पाई गई तो संबंधित जिला अधिकारी सहित अधीनस्थों पर कड़ी दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी। कलेक्टर ने सभी एसडीएम को निर्देशित किया है कि वे अपने अनुभागों में निरंतर मॉनिटरिंग करें और यह सुनिश्चित करें कि सीएम हेल्पलाइन की शिकायतों का समय पर और संतोषजनक निराकरण हो। उन्होंने कहा कि हमारा लक्ष्य जनसमस्याओं का समयसीमा में समाधान करना है। पूर्व में जिले ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया गया है।

### समयबद्ध कार्रवाई ही रैंकिंग गिरने से बचा सकती है

कलेक्टर ने कहा है कि अब यह जिम्मेदारी है कि इस रफ्तार को बनाए रखा जाए। वहीं अपर कलेक्टर अनिल कुमार डामोर ने बताया कि प्रदेश स्तरीय रैंकिंग सूची जारी होने में अब केवल दो दिन शेष हैं। उन्होंने सभी विभागों को सख्त निर्देश दिए हैं कि वे जून माह की लंबित शिकायतों का अधिकतम निराकरण करें और संतुष्टि फीडबैक प्राप्त कर शिकायतों को पूर्ण रूप से बंद कराना सुनिश्चित करें। श्री डामोर ने यह भी कहा कि अब समयबद्ध कार्रवाई ही जिले की रैंकिंग को गिरने से बचा सकती है, इसलिए समस्त विभाग अपने कार्यों की प्राथमिकता में सीएम हेल्पलाइन को सबसे ऊपर रखें और फील्ड स्तर तक सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करें।

# राम वनगमन प्रसंग सुन भावुक हुए भक्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

विनायक बैंक्विट हॉल में चल रहे शिवलिंग निर्माण एवं श्रीरामकथा महोत्सव के छठवें दिन कथा व्यास पं. संतोष शास्त्री ऋषि ने भगवान श्रीराम के वनगमन प्रसंग पर भावपूर्ण व्याख्यान दिया। राम वनवास की कथा सुनकर श्रद्धालु भावुक हो उठे। यहां कथा के दौराव पार्थिव शिवलिंग निर्माण भी भक्तों द्वारा किया जा रहा है।

कथा वाचक ने बताया कि श्रीराम ने दंडकारण्य में यज्ञों में विघ्न डालने वाले राक्षसों का नाश कर विश्व शांति की नींव रखी। शास्त्री जी ने बताया कि नगर के प्रथम पत्रकार स्व. पं. मदन मोहन चतुर्वेदी की प्रेरणा से वे कथा वाचक बने। भरत जी के चित्रकूट गमन एवं पादुका राज्याभिषेक प्रसंग पर भी उन्होंने प्रकाश डाला। कथा वाचक का मंच पर नारायण सिंह कुशवाह, नितिन माहेश्वरी एवं विश्वकर्मा समाज द्वारा उनका शाल व श्रीफल से स्वागत किया गया।



### सीएम का दौराः जिपं अध्यक्ष आज लेंगी बैठक

**विदिशा।** मुख्यमंत्री डॉक्टर मोहन यादव के कुरवाई दौरे को लेकर जिला पंचायत अध्यक्ष गीता कैलाश रघुवंशी द्वारा संबंधित पंचायत प्रतिनिधियों एवं अधिकारियों की बैठक बुलाई है। बैठक आज शनिवार दोपहर 2 बजे से जनपद पंचायत कुरवाई के सभा कक्ष में होगी। बैठक में कुरवाई जनपद क्षेत्र के सभी जिला पंचायत सदस्य, जनपद सदस्य, सरपंच, सचिव एवं रोजगार सहायक अनिवार्य रूप से उपस्थित रहेंगे। जिपं अध्यक्ष ने स्पष्ट किया है कि मुख्यमंत्री के दौरे को सफल बनाने सक्रिय सहभागिता एवं समन्वय अत्यंत आवश्यक है। बैठक में जिम्मेदारियां सौंपी जाएंगी।



# प्रोटोकॉल उल्लंघन पर जिपं अध्यक्ष सख्त सरपंच - सचिवों को कारण बताओ नोटिस

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

राज्यमंत्री दर्जा प्राप्त जिला पंचायत अध्यक्ष गीता कैलाश रघुवंशी ने हाल ही में कुछ ग्राम पंचायतों द्वारा आयोजित कार्यक्रमों में प्रोटोकॉल का पालन न किए जाने पर कड़ा रुख अपनाया है।

जनपद पंचायत बासौदा की ग्राम पंचायत गामखर और विदिशा जनपद की ग्राम पंचायत सलैया में आयोजित भूमिपूजन एवं शिलान्यास कार्यक्रमों में जिला पंचायत अध्यक्ष को आमंत्रित नहीं किया गया था न ही शिलालेख, फ्लेक्स या अन्य प्रचार सामग्री में उनका नाम अथवा पदनाम उल्लेखित किया गया। इसे गंभीर प्रोटोकॉल उल्लंघन मानते हुए अध्यक्ष ने जिपं सीईओ को पत्र लिखा था। जिस पर सीईओ ने संज्ञान लिया है।

### बैनर. पोस्टर पर अध्यक्ष का नाम तक नहीं था

जिपं अध्यक्ष के निर्देशों पर कार्रवाई करते हुए जिला पंचायत सीईओ ने ग्राम पंचायत सलैया की सरपंच आरती गौरव बघेल को कारण बताओ नोटिस जारी किया है। नोटिस में भूमिपूजन व शिलान्यास कार्यक्रम में प्रोटोकॉल का उल्लंघन किए जाने पर लिखित स्पष्टीकरण मांगा गया है। इसी तरह ग्राम पंचायत गामखर के सचिव टीकाराम प्रभाकर और सरपंच कमल सिंह रघुवंशी को भी नोटिस जारी किया गया है। जिला पंचायत प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि प्रोटोकॉल का उल्लंघन करने पर कार्रवाई की जाएगी।

# नंद महोत्सव की तैयारियों को लेकर बैठक में हुई चर्चा

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

आगामी नंद महोत्सव 2025 की तैयारियों को लेकर माधवगंज स्थित रामकृष्ण मंदिर में बैठक हुई। बैठक में हिंद जागरूक युवा संगठन के पदाधिकारी व सदस्य मौजूद रहे।

संगठन के आगामी कार्यकाल के लिए सर्वसम्मति से पदाधिकारियों का पुनर्निर्वाचन किया गया। जसरुप सिंह दांगी को पुनः अध्यक्ष, वीरेंद्र सिंह धाकड़ को संयोजक तथा कृष्णा लाहौरी को महामंत्री के पद पर निर्विरोध चुना गया। इस अवसर पर राज्यमंत्री दर्जा प्राप्त नारायण सिंह कुशवाह, रवि साहू, बिजेंद्र सिंह संधू, पप्पू सरदार, डॉ. संतोष जैन, महिपाल सिंह राजपूत, धर्मेंद्र सेंगर, अमोल सिंह यादव, शिवा गुर्जर, भरत रागी, बलवान सिंह ठाकुर, रणधीर सिंह लोधी, जेपी राठौर, ओंकार सिंह लोधी, संजीव डांगी, आशीष शर्मा, राहुल गुर्जर, सुनील त्रिवेदी, रघुनाथ सिंह दांगी, राहुल शर्मा एवं राजेंद्र नामदेव शामिल रहे। सभी ने नंद महोत्सव को भव्यता प्रदान करने संकल्प लिया। सांस्कृतिक कार्यक्रमों, झांकियों एवं जनसहभागिता को लेकर विस्तृत चर्चा की गई।

### एंबुलेंस नहीं मिलने पर डाक्टर सहित अन्य को शोकाज, विकासखंड स्तर पर एसओपी लागू

**विदिशा।** राजीव गांधी जनचिकित्सालय सिरोंज में समय पर 108 एम्बुलेंस उपलब्ध नहीं होने और नवजात का शव दोपहिया वाहन से घर ले जाने की घटना पर कलेक्टर अंशुल गुप्ता ने सीएमएचओ को कार्रवाई के निर्देश दिए। सीएमएचओ डॉ. रामहित कुमार ने घटना को शर्मनाक बताते हुए तत्काल जांच के आदेश दिए हैं। उन्होंने बताया कि संबंधित चिकित्सक और नर्सिंग स्टाफ को सिरोंज के विकासखंड अधिकारी द्वारा कारण बताओ नोटिस जारी कर जवाब तलब किया गया है। डॉ. रामहित ने बताया कि 108 एम्बुलेंस सेवा में देरी की शिकायत प्राप्त हुई है, जिसकी समीक्षा की जा रही है। भविष्य में ऐसी घटनाएं न हों इसके लिए शव को घर तक पहुंचाने एक विशेष एसओपी (मानक संचालन प्रक्रिया) तैयार कर क्रियान्वयन की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है।

### 214 घरों का किया सर्वे 22 में मिला डेंगू का लार्वा

**विदिशा।** जिला मलेरिया अधिकारी, स्वास्थ्य विभाग, नर्सिंग कालेज की छात्राऐं, उषा कार्यकर्ता के दल के द्वारा शनिवार को शहरी क्षेत्र के टीलाखेड़ी में लार्वा सर्वे, आईईसी गतिविधि, डेंगू जागरूकता रथ से प्रचार-प्रसार, फॉगिंग दल के द्वारा कीटनाशक दवा का छिड़काव किया गया। मलेरिया टीम के द्वारा 214 घरों का सघन लार्वा सर्वे किया गया। जिसमें 22 घरों में लार्वा पाया गया। कीटनाशक दवा के द्वारा नष्ट कराया गया। जनसमुदाय से अपील है की वह अपने घर के सभी पानी के कंटेनर, कूलर, फ्रिज ,टांके टंकिया, टायर को प्रति सप्ताह जांच ले की एडीज मच्छर के लार्वा तो नही पनप रहे, व खाली कर सफाई कर दें।

### बैंकों के अफसरों ने दी योजनाओं की जानकारी

**विदिशा।** जिले की सभी 577 ग्राम पंचायतों में 30 सितंबर तक चल रहे जन सुरक्षा योजनाओं के संतृप्ति अभियान के अंतर्गत अब तक पौने पांच हजार से अधिक हितग्राहियों का पंजीयन किया जा चुका है। बासौदा के श्यावदा और ग्यारसपुर के अंडियाकलां में आयोजित शिविरों में आरबीआई, नाबार्ड और बैंकों के अधिकारियों ने नागरिकों को योजनाओं की जानकारी दी। अब तक 1843 आवेदन पीएम जीवन ज्योति, 2269 जीवन सुरक्षा और 787 अटल पेंशन योजना के अंतर्गत प्राप्त हुए हैं। लीड बैंक अधिकारी ने अपील की है कि शिविरों में भाग लेकर न्यूनतम प्रीमियम में अधिकतम बीमा लाभ प्राप्त करें।

# दो नाबालिग से अश्लील हरकत करने वाले को 20 वर्ष की सजा

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

- खेलने जाने से मना करने पर मां को हुई थी शंका।

तृतीय अपर सत्र न्यायाधीश एवं विशेष न्यायाधीश पॉक्सो एक्ट सुरेखा मिश्रा की अदालत ने दो नाबालिग बालिकाओं से अश्लील हरकत करने वाले आरोपी को पॉक्सो एक्ट के तहत 20 साल के कठोर कारावास की सजा सुनाई है।

प्रकरण में सहायक जिला लोक अभियोजन अधिकारी प्रतिभा गौतम द्वारा प्रभावी पैरवी की गई, जबकि मार्गदर्शन जिला अभियोजन अधिकारी जेएस तोमर ने दिया। 10 अक्टूबर की दोपहर 1:30 बजे करीब उसके पास में रहने वाले आरोपी की भतीजी बच्चियों को खेलने बुलाने आयी तो बच्चियों ने खेलने से मना कर दिया। बच्चियों की मां ने बड़ी बेटी से पूछा कि खेलने क्यों नहीं जा रहीं तब उसने ने बताया कि चाचा (आरोपी) अच्छे नहीं हैं। आरोपी ने छोटी बालिका के साथ अश्लील हरकत की है। यह मामला 21 अक्टूबर 2024 को दर्ज हुआ था, जब पीड़िताओं की मां ने थाना विदिशा देहात में रिपोर्ट कराई थी कि आरोपी ने उसकी दोनों बेटियों के साथ अश्लील हरकत की।

# हाईवे किनारे रोपे जाएंगे 7 हजार पौधे

## शुक्रवार से हुई शुरुआत, बच्चों के साथ मिलकर पौधे रोपे

हरिभूमि न्यूज ⏭ नटेरन

हाईवे का निर्माण कर रही एसएमसी कंपनी हाईवे किनारे बारिश के दौरान 7 हजार पौधों को रोपण करेगी। जिसकी शुरूआत शुक्रवार से शुरू हुई है। हिनोतिया से मेहलुआ चौराहे तक बारिश के दौरान 7 हजार पौधों को लगाने का लक्ष्य रखा गया है। जिसके तहत शुक्रवार को करीब 400 पौधे हाईवे किनारे रोपे गए।

इस दौरान एनएचएआई के प्रोजेक्ट डारेक्टर सिद्धार्थ सिंघई बतौर चीफ गेस्ट के रूप में शामिल हुए उनके साथ प्रोजेक्टर इंजीनियर शिवराज मीणा भी मौजूद रहे। पौधा रोपण के दौरान कागपुर के सरकारी स्कूल में पौधे रोपे गए जिसमें स्कूल के विद्यार्थी मौजूद रहे। सिद्धार्थ सिंघई ने बताया कि जो पौधे रोपने का लक्ष्य मिला है जिसको समय रहते पूरा कर लिया जाएगा। वहीं जो पौधे लगाए जाएंगे उनकी हिफाजत के लिए ट्री गार्ड भी लगाए जाएंगे ताकि पौधे सुरक्षित रहें। पौधरोपण के दौरान अथौरिटी इंजीनियर टीम लीडर जयवंश गिरी, रेसीडेंस इंजीनियर पवन शर्मा, ब्रिज इंजीनियर सुदेश शिंदे, जीएम विक्रम कश्यप, मिथलेश सिंह, सुनील शुक्ला आदि मौजूद रहे।



# युवाओं को नशा मुक्ति और पर्यावरण संरक्षण का संदेश देने हजार से अधिक विद्यार्थियों ने ली शपथ, तीरंदाजी का शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

नशे से दूरी है जरूरी" अभियान के तहत शुक्रवार को साकेत एमजीएम सीनियर सेकेंडरी स्कूल में एक विशेष जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर एसपी रोहित काशवानी ने 1 हजार से अधिक छात्र-छात्राओं को नशे से दूर रहने की शपथ दिलाई।

एसपी श्री काशवानी ने अपने प्रेरणादायक संबोधन में युवाओं को नशे के दुष्परिणामों से अवगत कराते हुए कहा कि नशा एक धीमा ज़हर है, जिसकी शुरुआत अक्सर शौक, तनाव या दिखावे के कारण होती है, लेकिन यह धीरे-धीरे जीवन को खोखला कर देता है। उन्होंने कहा कि हर विद्यार्थी को न सिर्फ स्वयं नशे से दूर रहना चाहिए, बल्कि अपने परिवेश में भी जागरूकता फैलानी चाहिए। इस अवसर पर एक लघु फिल्म के माध्यम से नशे के कुप्रभावों को दिखाया गया, वहीं प्रश्नोत्तर सत्र में छात्रों ने खुलकर जिज्ञासाएं रखीं, जिनका अधिकारियों ने सरल एवं प्रभावी जवाब दिया।



विदिशा। बैठक के दौरान सैकड़ों की संख्या में स्कूल की छात्राएं मौजूद रहीं।

### एसपी ने धनुष उठाकर चलाया तीर

कार्यक्रम के बाद एसपी रोहित काशवानी ने विद्यालय में तीरंदाजी खेल का विधिवत शुभारंभ किया। उन्होंने स्वयं भी धनुष उठाकर बच्चों के साथ तीरंदाजी में हाथ आजमाया, जिससे विद्यार्थियों में खासा उत्साह देखा गया। विदिशा पुलिस का यह प्रयास युवाओं को नकारात्मक प्रवृत्तियों से दूर रखने और उनकी रचनात्मक ऊर्जा को सही दिशा देने की दिशा में एक सराहनीय कदम साबित हो रहा है। आने वाले समय में भी ऐसे आयोजनों को और प्रभावी रूप से आगे बढ़ाया जाएगा। कार्यक्रम में रक्षित निरीक्षक भूर सिंह चौहान, यातायात प्रभारी आशीष राय, चेयरमैन अतुल शाह, डायरेक्टर संजय पांडे एवं डॉ. कुशाग्र दीक्षित, एमजीएम प्राचार्य विभास रंजन पाल, एसएसआर प्राचार्य प्रकाश शर्मा और तीरंदाजी शिक्षक शुभम सेन मौजूद रहे।

## बासौदा मंडी भाव

शरबती
न्यूनतम भाव-2700
उच्चतम भाव- 3305
गेहूं 1544
न्यूनतम भाव -2400
उच्चतम भाव- 2661
गेहूं मालवा
न्यूनतम भाव -2426
उच्चतम भाव-2452
चना
न्यूनतम भाव-4000
उच्चतम भाव-6015
तेवड़ा
न्यूनतम भाव-3480
उच्चतम भाव-3576
धान
न्यूनतम भाव-1600
उच्चतम भाव-3021
मसूर
न्यूनतम भाव-3610
उच्चतम भाव-8000
सरसों
न्यूनतम भाव-3000
उच्चतम भाव-8200
सोयाबीन
न्यूनतम भाव-2380
उच्चतम भाव-4381
मूंग
न्यूनतम भाव-3000
उच्चतम भाव-7550
उड़द
न्यूनतम भाव-3400
उच्चतम भाव-4800
धनिया
न्यूनतम भाव-6400
उच्चतम भाव-6505
मटर
न्यूनतम भाव-2810
उच्चतम भाव-2810
अलसी
न्यूनतम भाव-5911
उच्चतम भाव-5911
जौ
न्यूनतम भाव-2200
उच्चतम भाव-2200

### कृषि मंडी में हुई आवक

**गंज बासौदा।** कृषि उपज मण्डी में शुक्रवार को आसपास के ग्रामीण अंचलों से किसान ट्रैक्टर-ट्रालियों से कृषि जिंसों को नीलामी के लिए लेकर पहुंचे। जिससे कृषि मण्डी में 5582 बोरे उपज की आवक दर्ज हुई।

## खबर संक्षेप

### लोकल यूथ सर्वेयर ने सौंपा ज्ञापन



**त्योंदा।** लोकल यूथ सर्वेयर महासंघ के कर्मचारियों द्वारा अपनी विभिन्न मांगों को लेकर तहसील प्रशासन को ज्ञापन सौंपा गया। महासंघ की मांगों में प्रमुख रूप से सर्वेयर को फसल गिरदावरी एवं फार्मर आईडी का पारिश्रमिक दिए जाने, लोकल यूथ सर्वेयर को शासन द्वारा पहचान पत्र दिए जाने, नियमित रोजगार एवं निश्चित मासिक मानदेय देने, सर्वेयर को प्रति खसरे रूपए के स्थान पर मासिक मानदेय देने, सर्वेयर को दुर्घटना बीमा सुरक्षा लाभ दिए जाने,किसानों से संबंधित प्रत्येक कार्य लोकल यूथ सर्वेयर से ही कराने की मांगें शामिल हैं। इस अवसर पर बडी संख्या में लोकल यूथ सर्वेयर उपस्थित रहे।

## अलग-अलग बिंदुओं पर हुआ स्वच्छता सर्वेक्षण, अधिकांश में मिले पूरे अंक

# विदिशा-सिरोंज की भांति गंजबासौदा नगर पालिका को मिली स्टार रैंक

**हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा**




स्वच्छता सर्वेक्षण 2025 में नगर पालिका परिषद गंजबासौदा को विदिशा सिरोंज की ही भांती एक स्टार रैंक हासिल हुई है। इस सर्वेक्षण में अलग-अलग व्यवस्थाओं और प्रबंधन को लेकर कुल 12500 अंक रखे गए थे। जिनमें से नपा गंजबासौदा 9720 अंक पाकर एक स्टार की श्रेणी में आया है। अभी नपा प्रबंधन द्वारा वॉटर ट्रीटमेंट प्लांट, सीवेज लाइन सहित पुराने कचरे के निष्पादन की योजनाओं को क्रियान्वयन किया जा रहा है। इसके बाद नपा गंजबासौदा हर मामले में अव्वल हो जाएगी। नपा के स्वच्छता अधिकारी आरके नेमा एवं स्वच्छता प्रभारी सहज तेनगुरिया ने बताया कि यह सर्वेक्षण सफाई व्यवस्था, कचरा कलेक्शन, कचरा मैनेजमेंट, मार्केट एरिया सफाई, उपयोगी जल प्रबंधन, सक्शन मशीन, नागरिकों में जागरूकता, स्कूल सफाई, सफाई मित्रों को सुविधा, सिटिजन फीडबैक, पुराना कचरा सफाई, आसपास साफ सफाई एवं मुख्य सड़कों की सफाई आदि बिंदुओं पर आधारित था। सभी बिंदुओं को मिलाकर कुल 12500 अंक रखे गए थे। जिनमें नगर पालिका गंज बासौदा ने अधिकतर बिंदुओं में 99 से लेकर 100% अंक अर्जित कर अपनी कुशल कार्य प्रणाली दिखाई है। नगर पालिका अध्यक्ष शशि अनिल यादव ने बताया कि विदिशा सिरोंज और गंजबासौदा को एक स्टार रैंक हासिल हुई है। हमने सीवेज लाइन, पुराना कचरा खत्म करने की योजना एवं वॉटर ट्रीटमेंट प्लांट को हरी झंडी दे दी है और उनके टेंडर भी जारी करने की प्रक्रिया गतिशील है। इन कामों के बाद हमारी तहसील अन्य जिलों एवं महानगरों को टक्कर देती नजर आएगी।

वहीं नपा के पूर्व स्वच्छता अधिकारी आरके नेमा का कहना है कि पिछले साल नपा को राष्ट्रीय स्तर पर 102 वी रैंक मिली थी, इस बार स्वच्छता में सुधार के बाद यह रैंक 59 हो गई है। वहीं राज्य स्तर पर भी रैंक सुधकर 66 तक आ गई है। अब आगामी समय में सीवेज लाइन, पुराना कचरा खत्म करने की योजना एवं वॉटर ट्रीटमेंट प्लांट लगने के बाद नगर पालिका की अगले साल की स्वच्छता रैंक में गुणोत्तर सुधार होगा और नपा टॉप 20 में भी शामिल हो सकती है।

## दर्शन के लिए मैहर रवाना हुए श्रद्धालु



**हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा**

त्यौंदा से मैहर वाली माता के दर्शन के लिए श्रद्धालु पैदल यात्रा पर रवाना हुए। ज्ञात हो कि त्यौंदा बीजासन मोहल्ला से मैहर वाली माता के दर्शन के लिए सावन के महीने में श्रद्धालु पदयात्रा करते हुए रवाना हुए। जिसमें नारायण सिंह कुशवाहा, प्रदीप कुशवाहा, पवन कुशवाहा, कल्लू कुशवाहा, शिवराज कुशवाहा, दिनेश कुशवाहा, गोविंद कुशवाहा शामिल हैं। ये सभी श्रद्धालु बीजासन माता मंदिर पर प्रसादी चढ़ाकर मैहर वाली माता के दर्शन के लिए रवाना हुए। ग्रामीणों ने उन्हें पुष्पहार पहनाकर शुभकामनाओं सहित रवाना किया।

### बजरंग दल की बैठक में सौंपे गए दायित्व



**गंजबासौदा।** विगत दिवस गंजबासौदा विहिप जिला कार्यालय अशोक भवन में बासौदा एवं गमाखर प्रखंड की संयुक्त बैठक सम्पन्न हुई थी। बैठक में कार्य विस्तार हेतु नवीन दायित्व सौंपे गए हैं। जिसमें विहिप नगर सह मंत्री गौरव नामदेव, बजरंगदल नगर सह संयोजक कार्तिक खटीक, बालोपासना केंद्र प्रमुख लाला खटीक, सह सुरक्षा प्रमुख आकाश भावसार, सह गौरक्षा प्रमुख दिनेश प्रजापति, सह विद्यार्थी प्रमुख विष्णु मैथिल एवं कार्यकारिणी सदस्य अक्षय व्यास को दायित्व सौंपा गया। इन नियुक्तियों पर नगर अध्यक्ष रामकृष्ण राजपूत, उपाध्यक्ष सोनू अरोरा, मंत्री संजय सिलावट, सह मंत्री रामराज झा, संयोजक भजन प्रजापति, सह सयोजक नरेश राजपूत, विद्यार्थी प्रमुख आकाश यादव, दिनेश प्रजापति, रुपेश अहिरवार, प्रधुम सेन, योगेश प्रजापति, वरूण शर्मा आदि ने बधाई दी।

## नाबालिग पीड़िता के साथ छेड़छाड़ के दोषी को 3 वर्ष की सजा व 6000 रुपए का अर्थदंड




**हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा**

गत दिवस न्यायालय अनुराग द्विवेदी, प्रथम अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश बासौदा न्यायालय के द्वितीय अतिरिक्त न्यायाधीश एवं पॉक्सो न्यायालय ने अपने निर्णय में दोषी को 3 साल की सजा और 6000 रुपए के अर्थदंड से दंडित किया है।

पैरवीकर्ता अधिकारी सहायक जिला अभियोजन अधिकारी/एसपीओ दिनेश कुमार असैया द्वारा बताया गया कि दिनांक 8 अक्टूबर 2023 को अभियोक्त्री ने थाना उपस्थित होकर रिपोर्ट कराई थी कि वह शॉप में काम करती है। दोपहर के करीब वह अपने ऑफिस में थी। तभी वहां शराब के नशे में आरोपी आए। जिसमें से मुख्य आरोपी ने बुरी नियत से अभियोक्त्री का हाथ पकड़ लिया और कहने लगा कि चल गाड़ी में बैठ एवं अन्य आरोपी गालियां देने लगे और वहां पर कुछ लोग आ गए तो अभियुक्त ने अभियोक्त्री का हाथ छोड़ दिया और कहने लगा तूने पुराने वाले केस में राजीनामा नहीं किया तो पहले वाले तुझे ब्लेड से मारा था। अब तूझे जिंदा जला दूंगा और तेजाब डाल दूंगा, तू किसी लायक नहीं रहेगी। फिर अभियोक्त्री ने 100 डॉयल को फोन लगाया तो तीनों वहां से भाग गए। अभियोक्त्री की सूचना पर से थाना शहर बासौदा में अपराध अंतर्गत भादंवि की धारा 354, 354 क, 509, 294, 506 एवं 7/8 पॉक्सो एक्ट में दर्ज की गई थी। अनुसंधान उपरांत न्यायालय में शहर बासौदा पुलिस द्वारा चालान पेश किया गया था। प्रकरण में अनुसंधान विवेचना उपनि प्रतिभा सिंह के द्वारा की गई थी। न्यायालय में विचारण के दौरान पीड़िता के न्यायालयीन कथन न्यायालय के समक्ष व अन्य साक्षीगणों के कथन कराए गए एवं उपलब्ध साक्ष्य तथा एडीपीओ दिनेश असैया के तर्क से सहमत होकर, अभियुक्त को दोषसिद्ध पाते हुए 3 वर्ष की सजा एवं कुल 6000 रुपए के अर्थदंड से दण्डित किया गया। संदेह का लाभ देकर 2 अभियुक्तगण को दोषमुक्त किया गया। प्रकरण के शीघ्र निराकरण के लिए आरक्षक / कोर्ट मोहर्रिर रीतेश तिवारी द्वारा पूर्ण सहयोग प्रदान किया गया।

### नशे से दूरी है जरूरी अभियान में दिलाई शपथ



**त्यौंदा।** पुलिस द्वारा नशे से दूरी है जरूरी अभियान के तहत तहसील कार्यालय में युवकों को लिए शपथ दिलाई गई। जिसमें पुलिस स्टाफ के एएसआई तरुण बेदी, सत्येंद्र सिंह ठाकुर, हिमालय सिंह यादव, ब्रजमोहन शर्मा, ग्रामीण सोनू शर्मा बागरोद चौराहा, धन सिंह कुशवाहा एवं अनेकों ग्रामीण युवकों ने शपथ ली।

## पुलिस ने पकड़े 2 तस्कर, 80 हजार की 7.45 ग्राम ब्राउन शुगर व बाइक बरामद

**हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा**




शहर पुलिस ने मादक पदार्थों के अवैध कारोबार के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत 2 ब्राउन शुगर तस्करों को पकड़ा है। जिनसे 7.45 ग्राम अवैध मादक पदार्थ ब्राउन शुगर कीमत 80,000 रुपये एवं एक बाइक कीमत 90,000 रुपये बरामद की है। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ एनडीपीएस की धारा 8/21 के तहत प्रकरण दर्ज कर लिया है।

पुलिस अधीक्षक रोहित कासवानी के द्वारा नारकोटिक, अवांछनीय गतिविधियों पर कार्रवाई करने के निर्देश सभी थाना प्रभारियों को दिये गये हैं। निर्देश के तारतम्य में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डॉ. प्रशांत चौबे एवं अनुविभागीय अधिकारी पुलिस गंजबासौदा शिखा भलावी के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी गंजबासौदा शहर निरीक्षक संजय वेदिया के नेतृत्व में ना र को टि क स / अ वां छ नी य गतिविधियों पर कार्रवाई के लिए टीम गठित की गई। इस टीम को मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि ग्राम बेदनखेड़ी टपरिया की पुलिया के पास दो व्यक्ति डीलक्स बाइक लेकर खड़े हैं। बाइक के मास्क के ऊपर हिन्दू लिखा है जिनमे एक कत्थाई रंग की शर्ट व नीले रंग का जींस पहने है व दूसरा काले रंग की टी शर्ट व काले रंग का लोवर पहने है। वे ब्राऊन शुगर रखे हैं अगर तत्काल पकड़ा जाये तो उनके पास से ब्राउन शुगर मिल सकती है। मुखबिर सूचना पर तत्काल टीम द्वारा नाकबंदी कर मुखबिर के बताये हुलिये के व्यक्तियों को पकड़ा गया एवं नाम पता पूछा तो बाइक के पीछे बैठे व्यक्ति ने अपना नाम मुकेश यादव उम्र 40 साल निवासी रजोदा बासौदा व बाइक चलाने वाले ने अपना नाम सोनू यादव उम्र 29 साल निवासी दौलतपुरा थाना शमशाबाद हाल पता राजेन्द्र नगर बासौदा का बताया। आरोपी मुकेश यादव के कब्जे से 7.45 ग्राम अवैध मादक पदार्थ ब्राउन शुगर कीमती 80,000 रुपये जब्त किया गया एवं आरोपी सोनू यादव के कब्जे से डीलक्स बाइक क्रमांक MP40ZE4786 जिसके मास्क पर श्रीराम व हिन्दू लिखा है, कीमती 90000 हजार रूपये की जब्त की गई। आरोपियों के विरुद्ध एनडीपीएस की धारा 8/21 का मामला पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। ब्राउन शुगर लाने के स्त्रोत के संबंध में आरोपी गणों से पूछताछ की गई। आरोपी गणों को न्यायालय पेश किया गया। इस कार्रवाई में थाना निरीक्षक संजय वेदिया, उनि बीएल मालवीय, उनि गौरव रघुवंशी (सायबर सेल), सउनि सिद्धान्त भदौरिया डीएसबी शाखा, प्र.आर. सुरेश रघुवंशी, भूपेन्द्र चौबे पुलिस लाईन विदिशा, आरक्षक अरूण छारी, अनिल यादव, प्रवेश जाट, सौरभ कुमार, सरमन साहू, अभिषेक शुक्ला, देवेन्द्र कुशवाह, सतीष तिवारी, राकेश रावत पुलिस लाइन विदिशा की विशेष भूमिका रही।

### शहीद स्मारक के लिए पुराने बस स्टैंड से हटाया अतिक्रमण



**गंजबासौदा।** शुक्रवार को नपा अमले ने शहीद स्मारक निर्माण के लिए पुराने बस स्टैंड क्षेत्र में अतिक्रमण हटाया। यहां उल्लेखनीय है कि पुराने बस स्टैंड परिसर में पुराना और जर्जर बस स्टैंड बना हुआ था, जिसके आसपास अतिक्रमण होने लगा था। अब नपा ने इस स्थान पर शहीद स्मारक बनाने का निर्णय लिया है। जिसके लिए आज अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई शुरू की गई। इसके अलावा नपा अमले ने स्टेशन रोड मुख्य मार्ग के किनारे का भी अतिक्रमण हटाया।

## सांसद प्रतिनिधि देवेन्द्र यादप ने दिया कॅरियर मार्गदर्शन, पौधरोपण भी किया

# नवांकुर रासेयो का अभिमुखीकरण कार्यक्रम संपन्न







**हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा**

राष्ट्रीय सेवा योजना नवांकुर इकाई का राष्ट्रीय सेवा योजना नवांकुर इकाई का अभिमुखीकरण कार्यक्रम डॉल्फिन कैंपस में संपन्न हुआ। इस अवसर पर अतिथियों के रूप में पंचतत्व समिति के अध्यक्ष सुरेंद्र दांगी, सांसद प्रतिनिधि देवेंद्र यादव, पंचतत्व समिति के पदाधिकारीगण राकेश पुरोहित, विजय अग्रवाल, राजेंद्र व्यास, समिति के कोषाध्यक्ष प्रमोद राजपूत, नवांकुर विद्यापीठ के प्राचार्य शैलेंद्र कुमार दीक्षित तथा डॉल्फिन प्राचार्य संदीप नारायण जेटली मंचासीन थे। कार्यक्रम के प्रारंभ में अतिथियों द्वारा रोली चंदन व पुष्पमालाओं से सरस्वती माता का पूजन किया गया व दीप प्रज्ज्वलित किया गया। तत्पश्चात अतिथियों का स्वागत किया गया। राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रम अधिकारी अभिषेक मिश्रा ने अतिथियों के स्वागत में भाषण प्रस्तुत किया। यह कार्यक्रम दो चरणों में आयोजित किया गया।

कार्यक्रम के प्रथम चरण में राष्ट्रीय सेवा योजना का अभिमुखीकरण कार्यक्रम आयोजित हुआ, जिसमें स्वयं सेवक ऋषभ रघुवंशी, प्रिंस रैकवार, कृष्ण यादव ने राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम, स्थापना के उद्देश्य व महत्व के बारे में बताया। अंशिका साहू, दिव्यांश सोनी तथा श्री शर्मा ने भी प्रस्तुतियाँ दीं। गायन दल ने विधि साक्षरता पर आधारित गीत प्रस्तुत किया। कार्यक्रम के द्वितीय चरण में पर्यावरण संरक्षण पर आधारित संगोष्ठी का आयोजन किया गया। इस अवसर पर तीन स्थानों पर पौधरोपण कार्यक्रम संपन्न हुआ। अतिथि संबोधन की श्रृंखला में सांसद प्रतिनिधि देवेंद्र यादव ने छात्रों को कैरियर मार्गदर्शन दिया तथा नवांकुर विद्यापीठ के कार्यों की भूरि-भूरि प्रशंसा की। पंचतत्व समिति के कोषाध्यक्ष प्रमोद राजपूत ने पर्यावरण संरक्षण एवं संवर्धन पर आधारित संबोधन दिया।

समिति के अध्यक्ष सुरेंद्र दांगी ने भी पर्यावरण संरक्षण की आवश्यकता के बारे में बताया और सभी से अधिक से अधिक पौधे लगाने, उनका संरक्षण करने और वृक्षों को बचाने की अपील की। बालिका इकाई प्रभारी मेघा शर्मा ने अंत में अतिथियों का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर छात्र-छात्राओं के अलावा राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवकगण, संगीत विद्यालय के शिक्षक रामकिशन राठौर, शिक्षक संदीप रावत, विनय सोनी व विजय शर्मा उपस्थित थे।

## नशा मुक्ति कार्यक्रम आयोजितः नशे से मन मस्तिष्क, स्वास्थ्य पर पड़ता है बुरा असरः दुबे

**हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा**



पुलिस मुख्यालय भोपाल द्वारा चलाए जा रहे नशे से दूरी है जरूरी अभियान अंतर्गत सम्राट अशोक को एड अकेडमी में नशा मुक्ति कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें देहात थाना प्रभारी मनोज दुबे, रक्षा समिति प्रदेश संयोजक दीपक तिवारी, समाजसेवी सुनील बाबू पिगंले, डॉ अशोक रोहले, अभिनय श्रीवास्तव, नरेंद्र जैन विशेष रूप से उपस्थित रहे। इस अवसर पर संस्था संचालक मनोज कुशवाह द्वारा देहात थाना प्रभारी का शाल श्रीफल भेंटकर सम्मानित किया गया। टीआई मनोज दुबे ने छात्रों को नशा मुक्ति की शपथ दिलाते हुए कहा कि नशे से मन, मस्तिष्क, स्वास्थ्य पर बुरा असर पड़ता है। इन नशीले पदार्थों से हमें दूर रहना है नशा के कारण कई परिवार बर्बाद हो गए। सभी का आभार संस्था संचालक मनोज कुशवाह ने माना। इस अवसर पर बड़ी संख्या में विद्यार्थी मौजूद रहे।

### एसजीएस कॉलेज में हुआ व्यास पूजन का आयोजन

**गंजबासौदा।** शासकीय संजय गांधी स्मृति महाविद्यालय में भारतीय शिक्षण मंडल के तत्वावधान में प्राचार्य डॉ नरेंद्र कुमार के मार्गदर्शन एवं सहायक प्राध्यापक मनीष दुबे के संयोजन में व्यास पूजा का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य वक्ता के रूप में सुभाष निकेतन के संचालक एवं संघ सहप्रचार प्रमुख अखिलेश श्रीवास्तव, कॉलेज प्राचार्य डॉ नरेंद्र कुमार, वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ सुमन लता गुप्ता एवं डॉ वीके प्रजापति मंच पर उपस्थित रहे। साथ ही वर्चुअल माध्यम से प्रान्त मंत्री मध्यभारत प्रान्त, भारतीय शिक्षण मंडल एवं प्रोफेसरए संचालक आजीविका संसाधन केंद्र रबीन्द्रनाथ टैगोर विश्वविद्यालय रायसेन से डॉ मनीषा पांडे जुड़ीं।

## 108 पर कॉल के घंटों बाद एंबुलेंस आने से अस्पताल में ही दम तोड़ रहे मरीज

# शासकीय राजीव गांधी चिकित्सालय में एंबुलेंस की कमी बनी 'मरीजों का काल'






हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिरोंज

नगर के शासकीय राजीव गांधी चिकित्सालय की यदि बात कि जाए तो विगत वर्ष पूर्व के मुताबिक स्वास्थ्य सुविधा तो अब मरीजो को बेहतर मिल रही है। लेकिन यदि अस्पताल में कभी कोई मरीज गंभीर हालात में पहुच जाए तो उसे भोपाल,विदिशा रेफर करने के लिए शासकीय अस्पताल में एंबुलेंस की कमी के चलते मरीज वही पर ही दम तोड देता है। कई बार ऐसे मामले देखने में आए है जहा डॉक्टरो द्वारा गंभीर हालात देखते हुए मरीज को विदिशा के लिए रेफर तो कर दिया जाता है। लेकिन परिजन जब मरीज को एंबलेंस से विदिशा उपचार के लिए लेकर जाते है तो कभी भी समय पर अस्पताल में एंबुलेंस नही पहुचती जिस कारण आए दिन शासकीय राजीव गांधी चिकित्सालय में विवाद की स्थिति उत्पन्न होती रहती है। तो वही मरीज की मृत्यु के बाद परिजन पूरा आरोप अस्पताल में पदस्थ डॉक्टरो पर लगा देते है। लेकिन उन्हे यह पता नही कि अस्पताल में एंबुलेंस का जो कार्य किया जा रहा है। वह एक प्राईवेट एजेंसी के हाथ में है।

### वर्तमान में अस्पताल में 6 एंबुलेंस उपलब्ध

शासकीय राजीव गांधी चिकित्सालय में यदि एंबुलेंस की बात कि जाए तो अस्पताल में 3 जननी, 2 बीएलएस और 1 ए,एल,एस है। जिनमें से एक जननी वाहन व एक बीएलएस काफी समय से खराब पडी हुई है। जिस कारण वर्तमान समय में अस्पताल में मात्र 4 एंबुलेंस ही अपनी सेवाए दे रही है। लाखो की आबदी वाले सिरोंज क्षेत्र में मात्र 4 एंबुलेंस होने से मजबूरन मरीजो को निजी वाहन से उपचार के लिए विदिशा,भोपाल ले जाया जाता है। तो वही सूत्रो से मिली जानकारी अनुसार गंज बासौदा के शासकीय अस्पताल में 10 एंबुलेंस है लेकिन सिरोंज के 100 बेड वाले अस्पताल में आखिर 4 एंबुलेंस क्यों।

### एंबुलेंस समय पर आए तो बचाई जा सकती है मरीजों की जान

सिरोंज के शासकीय अस्पताल में वर्तमान में स्वास्थ्य सुविधाएं तो काफी अच्छी देखी जा रही है। साथ ही अस्पताल में डॉक्टर भी समय पर अपनी सेवाए देते नजर आते है। जिससे छोटी मोटी बीमारियो का उपचार अस्पताल में आसानी से हो जाता है। लेकिन यदि कोई गंभीर बीमारी से पीडित या दुर्घटना में घायल गंभीर मरीज को राजीव गांधी चिकित्सालय में लाया जाता है। तो उक्त मरीज को उपचार के लिए सुविधा न होने के कारण डॉक्टरो द्वारा मरीज की स्थिति को देखते हुए विदिशा जिला अस्पताल के लिए रेफर किया जाता है। लेकिन एंबुलेंस न मिलने के कारण मजबूरन मरीज के परिजनो को प्राईवेट वाहन में मरीज को विदिशा जिला अस्पताल ले जाया जाता है। यदि शासकीय अस्पताल में एंबुलेंस की सुविधा मरीजो को समय पर मिले तो अनेको मरीजो की जान बचाई जा सकती है।

### अस्पताल में एंबुलेंस की कमी आखिर कब होगी दूर?

विगत कई वर्षो से शासकीय अस्पताल में एंबुलेंस की कमी देखी जा रही है। लेकिन इस ओर शासन प्रशासन का कोई ध्यान नही है और इस मुद्दे को क्षेत्र के जनप्रतिनिधि भी अनदेखा करते दिखाई दे रहे है। यदि शासकीय राजीव गांधी चिकित्सालय में एंबुलेंस की स्थिति को देखा जाए तो एक दो एंबुलेंस यदि किसी मरीज को विदिशा लेकर जाती है तो वह मरीज को जिला अस्पताल में छोडकर 200 किमी मीटर का सफर तय कर लगभग 5 से 6 घण्टे में वापस लौट पाती है। इतने में ही यदि अन्य कोई गंभीर दुर्घटना में घायल मरीज को जिला अस्पताल रेफर करने के लिए डॉक्टर भेजते है तो एंबुलेंस के समय पर नही पहुचने के चलते मरीज वही अपना दम तोड देते है। ऐसे मामले कई बार अस्पताल में देखे गए है और यह बात भी किसी से छिपी नही है। लेकिन फिर भी अस्पताल में एंबुलेंस बडाने के मामले में किसी ने आवाज नही उठाई।

**इनका कहना है**

अस्पताल में 3 जननी,2 बीएलएस और 1 ए,एल,एस है। जिनमें से एक जननी वाहन व एक बीएलएस खराब पडी हुई है। अभी की स्थिति में मात्र 4 एंबुलेंस ही चल रही है।

**डॉ विकास सिंह बघेल,** बीएमओ, शासकीय राजीव गांधी चिकित्सालय सिरोंज।

# दंडवत यात्रा करते हुए बाबा विश्वनाथ धाम के लिए रवाना हुए 1 दर्जन श्रद्धालु



**सिरोंज।** ग्राम बगरौदा से एक दर्जन से अधिक श्रद्धालु दण्डवत यात्रा करते हुए बम बम भोले के जयकारे लगाते हुए बाबा विश्वनाथ धाम के लिए रवाना हुए। तो वही वरिष्ठ समाजसेवी मान सिंह रघुवंशी ने बताया कि सावन माह के चलते ग्राम बगरौदा से 10 से 15 श्रद्धालुओ बाबा विश्वनाथ धाम के लिए दण्डवध यात्रा पर रवाना हुए है जो कि सावन माह के दूसरे सोमवार को बाबा विश्वनाथ धाम पहुचकर बाबा का जलाभिषेक करेगें।

## मान सिंह अभा अखंड रघुवंशी क्षत्रिय महा परिषद के सदस्य बने

**सिरोंज।** भाजपा के वरिष्ठ नेता एंव वरिष्ठ समाजसेवी मान सिंह रघुवंशी को अखिल भारतीय अखण्ड रघुवंशी क्षत्रिय महा परिषद की प्रदेश कार्यकारणी में सदस्य मनोनित किया गया। इस अवसर पर मान सिंह रघुवंशी द्वारा मनोनित होने पर अलिख भारतीय अखण्ड रघुवंशी क्षत्रिय महापरिषद के राष्टीय अध्यक्ष डॉ उमा शंकर रघुवंशी,प्रदेश अध्यक्ष पहलाद सिंह रघुवंशी का आभार व्यक्त किया। इस मौके पर समाजजनो के अलावा नगर के सामाजिक संगठनो ने मान सिंह रघुवंशी को बधाई दी।



## एक पेड़ मां के नाम अभियान के अंतर्गत किया पौधरोपण




**सिरोंज।** पेड़ लगाओ पर्यावरण बचाओ एंव एक पेड़ मां के नाम के अभियान के तहत बटईया सरकार हनुमान मंदिर परिसर में लालाराम रघुवंशी स्मृति समाज सेवा समिति के तत्वाधान में बीलपत्र के पेड़ लगाए गए। इस अवसर पर आम नागरिको से अनुरोध किया गया कि बरसात के मौसम में पेड़ आसानी से लग जाता है इसलिए हर एक मनुष्य को अपने जीवन में एक पेड़ लगाना चाहिए जिससे चारों ओर हरियाली बनी रहे और पर्यावरण भी सुरक्षित रहे। इस दौरान पथरिया मंडल अध्यक्ष लक्ष्मण सिंह रघुवंशी घटवार,रानू कुर्मी,जितेंद्र सिंह,पीतम सिंह,अरविंद सिंह,अर्जुन दांगी,गोलू कुर्मी आदि मौजूद रहें।

## गोवंश हटाने की कार्रवाई लगातार जारी

**सागर।** कलेक्टर संदीप जी. आर के निर्देश का जिम्मेदारी पूर्वक अनुपालन किया जा रहा है। जिले के मुख्य मार्गों, बाजारों आवागमन के रास्तों पर भटकते पशुओं को पकड़कर सुरक्षित रूप से गौशाला विस्थापित किया जा रहा है। बता दें कि कलेक्टर द्वारा विगत दिवस अधिकारियों को निर्देशित किया गया था कि समस्त सागर जिले के मुख्य मार्गों से पशुओं को

## छिरारी में सहायक शिक्षक विज्ञान को छोड़ पूरा स्टाफ था अनुपस्थित, कड़ी कार्रवाई प्रस्तावित

**सागर।** संयुक्त संचालक लोक शिक्षण सागर संभाग मृत्युंजय कुमार के द्वारा रहली विकासखंड के छिरारी उच्चतर माध्यमिक विद्यालय का निरीक्षण किया गया जिसमें सहायक शिक्षक विज्ञान को छोड़ पूरा स्टाफ अनुपस्थित पाया गया, कड़ी अनुशासनात्मक कार्रवाई प्रस्तावित की जा रही है। संयुक्त संचालक लोक शिक्षण सागर संभाग मृत्युंजय कुमार ने बताया कि आज संभाग कमिश्नर अनिल सुचारी एवं कलेक्टर संदीप जी आर के निर्देश पर शिक्षा विभाग सहित समस्त अन्य अधिकारियों के द्वारा विद्यालयों को निरीक्षण किया जा रहा है। इसी परिप्रेक्ष्य में संयुक्त संचालक मृत्युंजय कुमार ने शुक्रवार को उच्चतर माध्यमिक विद्यालय छिरारी का निरीक्षण प्रातः 10:40 पर किया गया जिसमें एक मात्र सहायक शिक्षक विज्ञान उपस्थित थी प्राचार्य सहित शेष शिक्षक एवं अतिथि शिक्षक भृत्य सहित समस्त स्टाफ अनुपस्थित था। विद्यालय के गेट पर 100 से अधिक विद्यार्थी विद्यालय खुलने का इंतजार कर रहे थे। उन्होंने बताया कि प्राचार्य सहित समस्त स्टाफ के विरुद्ध कारण बताओ नोटिस जारी कर अनुशासनात्मक कार्यवाही प्रस्तावित की जा रही है। मृत्युंजय कुमार ने उच्चतर माध्यमिक विद्यालय खैराना एवं छपरा उच्चतर माध्यमिक विद्यालय का भी निरीक्षण किया। खैराना विद्यालय में प्राचार्य सहित सभी स्टाफ मौजूद था एवं शैक्षणिक कार्य कराया जा रहा था जबकि छपरा विद्यायल में प्राचार्य सहित सभी स्टाफ मौजूद था किंतु कक्षा 9वीं एवं 10वीं के विद्यार्थियों ने बताया कि संस्कृत विषय को छोड़कर शेष पांच विषयों की उत्तर पुस्तिकाओं के संबंध में जानकारी नही दी गई है। प्राचार्य को शाला के किसी भी शैक्षणिक अभिलेख की जानकारी नहीं थी। प्राचार्य को शाला में प्रवेशित छात्रों की जानकारी एवं प्रत्याशित प्रवेश की जानकारी भी नहीं है साथ ही पाठ्य पुस्तकों का वितरण न किया जाकर विद्यालय में स्टॉक मौजूद था। इसी प्रकार अनेक अनियमितताएं भी पाई गई प्राचार्य सहित सभी को कारण बताओ नोटिस जारी किए जारहा हैं। संयुक्त संचालक कुमार ने बताया कि सभी तीनो

## नशामुक्तिजन-जागरुकता अभियान के तहत स्कूली विद्यार्थियों को किया गया जागरूक

**सागर।** पुलिस मुख्यालय, भोपाल के आदेशानुसार संपूर्ण मध्यप्रदेश में 30 जुलाई तक नशे से दूरी है जरूरी विषय पर विशेष जन-जागरूकता अभियान संचालित किया जा रहा है। इसी तारतम्य में पुलिस अधीक्षक सागर विकाश कुमार शाहवाल एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सागर लोकेश कुमार सिंहा के निर्देशन में तथा नगर पुलिस अधीक्षक सागर के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी कैंट निरीक्षक रोहित डोंगरे के नेतृत्व में स्वामी विवेकानंद माध्यमिक शाला, सागर कैंट में विद्यार्थियों के मध्य नशा मुक्ति जन-जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया।कार्यक्रम में विद्यालयीन छात्राओं को नशे से होने वाले दुष्परिणामों के प्रति जागरूक किया गया। पुलिस अधिकारियों द्वारा बताया गया कि नशा न केवल व्यक्ति के स्वास्थ्य को नुकसान पहुंचाता है, बल्कि परिवार व समाज की स्थिरता और सुरक्षा पर भी गंभीर प्रभाव डालता है। बच्चों को प्रेरित

# धरणीधर बलराम जन्मोत्सव चल समारोह के अध्यक्ष बने संतोष



हरिभूमि न्यूज ▶▶ शमशाबाद

धाकड़ किरार समाज और जनकल्याण समिति की बैठक महानीम चौराहा स्थित समाज धर्मशाला में हुई। इसमें तय किया गया कि हल छठ 14 अगस्त के दिन भगवान बलराम जी का जन्म उत्सव भव्य रूप से मनाया जाएगा। चल समारोह महानीम चौराहा से शुरू होगा। यह शमशाबाद के मुख्य मार्गों से होते हुए द्वारकाधीश मंदिर पर समापन होगा।

बैठक में उपस्थित समाजजनों की सर्व सम्मति से संतोष किरार सरपंच जमनयाई को चल समारोह का अध्यक्ष बनाया गया। वहीं कार्यकारिणी में उपाध्यक्ष रामस्वरूप धाकड़ सरपंच बमौरी, हरि सिंह धाकड़, सचिव द्वारका प्रसाद धाकड़ , सह सचिव अनिल धाकड़ , कोषाध्यक्ष अभिषेक धाकड़ को बनाया गया।

सदस्य हुकम सिंह धाकड़ , भूपेंद्र धाकड़, गणपत सिंह, राजेंद्र सिंह, अमित धाकड़, निलेश धाकड़, सरवन धाकड़, पुष्पेंद्र धाकड़ , विनोद धाकड़ , निरंजन सिंह को समिति में शामिल किया गया। बैठक में समाज के वरिष्ठ और युवा साथी मौजूद रहे। सभी मनोनीत पदाधिकारियों को धाकड़ किरार समाज की ओर से बधाई , शुभकामनाएं दी गईं।

## ग्यारसपुर ब्लॉक अध्यक्ष बने यशवंत कुशवाह

**ग्यारसपुर।** आज़ाद अतिथि शिक्षक संघ की एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें संगठनात्मक विस्तार करते हुए ग्यारसपुर ब्लॉक अध्यक्ष पद पर यशवंत कुशवाहा को नियुक्त किया गया। संगठन के पदाधिकारियों ने विश्वास जताया कि यशवंत कुशवाहा संगठन की मर्यादाओं का पालन करते हुए, अतिथि शिक्षकों की समस्याओं को प्राथमिकता से उठाएंगे और उनकी आवाज़ को शासन-प्रशासन तक मजबूती से पहुंचाएंगे। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष समेत अन्य पदाधिकारी एवं अतिथि शिक्षक उपस्थित रहे। बैठक में संगठन की भावी रणनीतियों एवं कार्य योजनाओं पर भी विचार-विमर्श किया गया।नवनियुक्त ब्लॉक अध्यक्ष यशवंत कुशवाहा ने सभी का आभार प्रकट करते हुए कहा कि वे सभी साथियों की उम्मीदों पर खरा उतरने का प्रयास करेंगे।



## लोकल यूथ महासंघ तहसील ने 10 सूत्रीय मांगों का सौंपा ज्ञापन

**ग्यारसपुर।** त्यौदा तहसील के लोकल यूथ महासंघ के द्वारा अपनी विभिन्न प्रकार की मांगों को लेकर तहसील कार्यालय पहुंचकर मुख्यमंत्री मध्य प्रदेश सरकार भू आयुक्त ग्वालियर कलेक्टर विदिशा के नाम तहसीलदार ऋतु राय को ज्ञापन सौंपा जिसमें अपनी मांगों को लेकर ज्ञापन दिया है। ज्ञापन में बताया गया है कि राजस्व विभाग द्वारा सभी लोकल यूथ की नियुक्ति फसल गिरदावरी डिजिटल कॉर्प सर्वे कार्य हेतु प्रत्येक पटवारी हल्का ग्राम में 2024 में ऑनलाइन पोर्टल द्वारा हुई थी । लोकल यूथ पूरी ईमानदारी के साथ समय सीमा में अपना कार्य पूर्ण कर रहा है वर्तमान में शासन के द्वारा प्रदय फार्मर आईडी भूमि केवाईसी बनाने में पूरी ईमानदारी से लगा हुआ है परंतु आज दिनांक फसल गिरदावरी एवं किसी कार्य का पारिश्रमिक लोकल यूथ को प्राप्त नहीं हुआ जिससे उनके परिवार को आर्थिक संकट की स्थिति का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने मांग रखी है कि उनका भुगतान शीघ्रता के साथ कराया जाए उनका पहचान पत्र आईडी कार्ड उपलब्ध कराया जाए। सुरक्षा बीमा एवं मौसम आधारित सुरक्षा कवच प्रदान किया जाए। इस प्रकार की 10 मांगों को लेकर ज्ञापन सोपा । ज्ञापन सौंपने वालों में संघ के जिला अध्यक्ष अंकित कुर्मी तहसील अध्यक्ष सोनू शर्मा, उपाध्यक्ष धनराज कुशवाहा, सचिव प्रताप सिंह,धनसिह कुशवाहा,नीलेश मीणा,भूरा मीणा, समस्त तहसील लोकल यूथ सर्वेयर मौजूद रहे।

# 3 करोड़ 33 लाख 90 हज़ार की लागत से सीसी रोड के निर्माण के पूर्व निरीक्षण किया



हरिभूमि न्यूज ▶▶ विदिशा

विधायक मुकेश टंडन ने शुक्रवार को शहर के विभिन्न वार्डों में चल रहे सड़क निर्माण एवं आधारभूत विकास कार्यों का निरीक्षण किया।

इस दौरान उनके साथ पीडब्ल्यूडी, एसडीएम विदिशा क्षितिज शर्मा, नगर पालिका, बिजली विभाग और अन्य संबंधित विभागों के अधिकारी मौजूद रहे। निरीक्षण के दौरान विधायक ने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि सड़क निर्माण के दोनों ओर नालियों का निर्माण सुनिश्चित किया जाए, ताकि बारिश के पानी की निकासी सुचारू रूप से हो सके। उन्होंने बताया कि जहां आवश्यकता हो, वहां निजी भूमि स्वामी की सहमति से नाले का निर्माण कराया जाए।

विधायक श्री टंडन ने बिजली विभाग के एई शरद महोबिया को निर्देशित किया कि सड़क किनारे लगी खुली डीपी को ढका जाए और पास से गुजर रही बिजली की तारों को सुरक्षित ढंग से व्यवस्थित किया जाए, ताकि किसी प्रकार की दुर्घटना की आशंका न रहे। साथ ही उन्होंने सड़क के किनारे खड़े खंभों की सिफ्टिंग करने के भी निर्देश दिए।

नगर पालिका के एई रमेश वर्मा को विधायक ने निर्देशित किया कि इस क्षेत्र में बंद पड़े हेड पंपों को हटाया जाए, जिससे क्षेत्र में स्थान की उपलब्धता बढ़ सके और सफाई व्यवस्था बेहतर हो।

# 20 को निकलेगी कांवड़ यात्रा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ शमशाबाद

हिंदू उत्सव समिति बीते 20 वर्षों से सावन में पवित्र नदियों से जल भरकर कांवड़ यात्रा निकाल रही है। यह जल भगवान भोलेनाथ को अर्पित किया जाता है।

कार्यक्रम आयोजक रिंकू भार्गव ने बताया कि इस वर्ष भी कावड़ यात्रा 20 जुलाई रविवार को देवपुर धाम सिरोंज से शुरू होगी। सुबह 8 बजे पूजा-अर्चना के बाद कांवड़ यात्री जल भरकर यात्रा शुरू करेंगे। यह यात्रा सिरोंज-शमशाबाद मुख्य मार्ग से होकर भन्नाखेड़ा पहुंचेगी। वहीं रात्रि विश्राम होगा। सोमवार सुबह 7 बजे यात्रा फिर शुरू होगी रास्ते में गोलना, सांगुल, हड़ा, रमपुरा पुलिया, रतवा, जमनयाई चौराहा, डंगरवाड़ा, महानीम चौराहा, बामोरी, नसरतगढ़ होते हुए शमशाबाद पहुंचेगी। यहां महामाई शिव मंदिर में जलाभिषेक कर यात्रा का समापन होगा। सिरोंज सहित रास्ते के 24 गांवों में श्रद्धालुओं ने कांवड़ यात्रा के स्वागत की तैयारी की है। आयोजन में हिन्दू उत्सव समिति के कंछेदी कुशवाह, संजय साहू, संजय शर्मा, गणेश खटीक, नारायण सेन, विनोद विश्वकर्मा, लोकेन्द्र राजपूत, डॉ. अर्जुन धाकड़, कालूराम नामदेव सहित बड़ी संख्या में कावड़िया शामिल रहेंगे।

## हथियारबंद लोगों ने जान से मारने की दी धमकी

**विदिशा।** 18 जुलाई की रात चिरोड़िया धाम मंदिर से अपने घर जा रहे अंशुल शास्त्री को पर हुए हमले के विरोध में शुक्रवार को हिन्दू उत्सव समिति अध्यक्ष नितिन माहेश्वरी के साथ लोगों ने कलेक्टर के नाम ज्ञापन सौंपा। जिसमें बताया गया है कि रात 11 बजे अंशुल शास्त्री चिरोडिया धाम मंदिर से अपने घर बंटी नगर जा रहे थे। ग्राम रुसल्ला के पास रास्ते में दो बाइक से हथियारबंद लोगों ने उनकी कार को रोककर रास्ते में जान से मारने की धमकी दी और अभद्रता की। उन लोगों ने मंगलवार को दिव्या दरबार के दौरान गोली मारने की धमकी दी है। एवं दाबार में भीड़ के दौरान अशांति फैलाने की भी धमकी दी गई है।

# जिला पंचायत अध्यक्ष गीता रघुवंशी ने लीं दो अहम बैठकें बजट पारदर्शिता और निर्माण गुणवत्ता पर दिए सख्त निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ विदिशा

जिला पंचायत अध्यक्ष एवं राज्य मंत्री दर्जा प्राप्त गीता कैलाश रघुवंशी की अध्यक्षता में शुक्रवार को जिला पंचायत कार्यालय में दो महत्वपूर्ण बैठकें आयोजित की गईं।

पहली बैठक आदिम जाति कल्याण विभाग के साथ की गई। बैठक में आदिम जाति कल्याण विभाग के बजट, योजनाओं और छात्रावासों की व्यवस्थाओं पर चर्चा हुई। श्रीमती रघुवंशी ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि विभाग को प्राप्त बजट का पारदर्शी और उद्देश्यपूर्ण उपयोग सुनिश्चित



किया जाए। सभी आश्रमों और छात्रावासों में निवासरत विद्यार्थियों को मूलभूत सुविधाएं पूरी तरह उपलब्ध हों। खर्चों का मदवार विवरण नियमित रूप से प्रस्तुत किया जाए ताकि निगरानी और मूल्यांकन में कोई चूक न हो। दूसरी बैठक ग्यारसपुर जनपद के तकनीकी अमले के साथ की। इस बैठक में जनपद पंचायत ग्यारसपुर के समस्त उपयंत्री, सहायक यंत्री, ग्रामीण यांत्रिकी सेवा विभाग के अधिकारी, ड्राफ्ट्समैन और लैब टेक्नीशियन शामिल रहे।

बैठक में निर्माण कार्यों की गुणवत्ता, तकनीकी मानकों और मशीनरी के उपयोग पर विशेष बल दिया गया। अध्यक्ष ने स्पष्ट निर्देश दिए कि ग्रेवल (कच्ची) सड़कों में रोलर और ग्रेड मशीन का प्रयोग अनिवार्य किया जाए। कांक्रीट सड़कों में वाइब्रेटर नीडल, इस्किड मशीन तथा वॉटर-सीमेंट रेशो का सख्ती से पालन हो। तकनीकी लापरवाही के चलते ग्रामीण सड़कों की जल्दी खराब होने की घटनाएं चिंताजनक हैं। इन्हें गंभीरता से लिया जाए।

## अनुपस्थित अधिकारियों को शोकाज नोटिस

अध्यक्ष श्रीमती रघुवंशी ने कार्यपालन यंत्री की बैठक में अनुपस्थिति पर गहरी नाराज़गी जताई और निर्देश दिए कि संबंधित अधिकारी समेत अनुपस्थित कर्मचारियों को कारण बताओ नोटिस जारी किया जाए। भविष्य में ऐसी लापरवाही दोहराए जाने पर सीधी जवाबदेही तय कर सख्त अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी। अध्यक्ष ने अंत में स्पष्ट किया कि शासन की योजनाओं का लाभ जनसामान्य तक पहुंचे, इसके लिए बजट उपयोग से लेकर निर्माण कार्यों तक में पारदर्शिता, गुणवत्ता और जवाबदेही अनिवार्य है।

law.kbtgroup.in
E-PRAVESH CODE - INS3230
बरकतउल्लाह विश्वविद्यालय से संबंद्धता, उच्च शिक्षा से मान्यता प्राप्त एवं BCI से अनुमोदित
KUSHABHAU THAKRE COLLEGE
3 YEARS
LLB (बैचलर ऑफ लॉ)
NH-146, Village Suakhedi Near Atarikhejda. Vidisha (M.P.)
ADMISSIONS OPEN

### जगह-जगह जल भराव एवं गंदगी से फैल रही बीमारियां

# संक्रामक बीमारियों का बढ़ा प्रकोप, डेंगू व चिकनगुनिया, मलेरिया के मिल रहे मरीज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायसेन

जिले में मलेरिया, डेंगू और चिकनगुनिया की बीमारी ने दस्तक दे दी है। शहर में जगह-जगह फैली गंदगी और मच्छरों के कारण संक्रामक बीमारियां फैलने लगी है। यह संक्रामक बीमारियां मच्छरों के लार्वा पनपने से फैलती है। मकानों के आसपास खाली पड़े प्लाटों में भरी गंदगी गंदे पानी में मच्छरों का लार्वा तेजी से पनपते हैं। लोगों को बारिश के मौसम में घरों के आसपास साफ-सफाई और पानी जमा न होने देने की समझाइश जिम्मेदारों द्वारा दी जा रही है।

जिला मलेरिया अधिकारी डॉ प्रियंवदा गुप्ता ने बताया कि जिले में लार्वो सर्वे गठित कर सर्वे कराया जा रहा है। सर्वे में आज तक मलेरिया के 2, डेंगू के 9 और 3 चिकनगुनिया के मरीज मिले हैं। जिनका इलाज कराया जा रहा है। वहीं विभाग ने मलेरिया की स्लाइड जांच भी की जा रही है। नगर पालिका व जिला मलेरिया विभाग के संयुक्त तत्वावधान में मच्छरों से मुक्ति के लिए कदम उठाए जाने चाहिए। लेकिन शहर के विभिन्न इलाकों के खुले भूखंडों में मलेरिया विभाग ऑइल का छिड़काव कर





रहा है। जबकि शहर में खुले प्लॉटों की बाउंड्रीवॉल न करने वाले मालिकों पर कार्रवाई के प्रावधान है। नगर पालिका इस दिशा में कार्रवाई नहीं कर रही है। हर वार्ड में प्लॉट खुले पड़े हुए हैं। लापरवाह प्लॉट मालिकों पर 500 रुपए का जुर्माना नोटिस देकर नगर पालिकाओं को वसूलने का अधिकार है।

बरसात में खाली पड़े प्लाटों से लोगों को समस्या का सामना करना पड़ता है। बारिश का पानी इसमें भर जाता है और यह निकल नहीं पाता है। इसी में मच्छरों का लार्वा पनपने से स्थिति बिगड़ती है।

#### पर्चे बांटे और जगह-जगह लगाए

*जिला स्वास्थ्य विभाग के दल ने मलेरिया की रोकथाम और इससे बचाव से जुड़ी जानकारी के लिए वार्ड और मोहल्ले में पर्चे बांटे जा रहे हैं।*

#### जहां पूर्व में केस आए, वहां सर्वे

शहर सहित ग्रामीण अंचल में पिछली बार जिन वार्ड, मोहल्ले और कॉलोनी में मलेरिया या डेंगू चिकनगुनिया पॉजिटिव मामले सामने आए थे, वहां पर अब दल पहुंचकर लार्वा सर्वे करेगा। हालांकि इसकी शुरुआत हो चुकी है। शहर के कई कॉलोनी में मलेरिया विभाग के मैदानी अमले ने पहुंचकर सर्वे किया।

#### लोगों को साफ सफाई रखने की दी जा रही समझाइश

*जिला स्वास्थ्य विभाग लोगों को जागरुक कर रहा है। मलेरिया और डेंगू से बचाव को लेकर क्या कदम उठाए जा सकते हैं। इसे लेकर समझाइश दी जा रही है। अपने घर के आसपास गंदगी न रखने और भरे पानी को खाली करते रहने की जानकारी दी जा रही है।*

#### फॉगिंग मशीन से धुआं जरूरी

*शहर वासियों का कहना है कि नगर पालिका परिषद और जिला मलेरिया विभाग को फॉगिंग मशीनों से धुएं का स्प्रे करवाना जरूरी है, क्योंकि संक्रामक बीमारियां जिले में दस्तक दे चुकी हैं उनकी रोकथाम करना अब बेहद जरूरी है नहीं तो यह बीमारियां तेजी से पैर पसार लेंगी।*

#### डेंगू से बचने के उपाय

*घर के अंदर और बाहर पानी जमा नहीं होने दें।पालतू जानवर जिस बर्तनों में पानी पीते हैं उसे हमेशा साफ सुथरा रखें।घर में पानी की टंकियां हमेशा साफ रखें।कूलर और टायरों में जमा पानी की सफाई करें।उसमें केरोसिन और पेट्रोल डालते रहें।*

#### इनका कहना है

अगर आपको डेंगू के लक्षण महसूस हो रहे हैं बुखार है तो तुरंत डॉक्टर को दिखाएं। घर में एडीज मच्छरों को बिल्कुल पनपने नहीं दें। जिले में मलेरिया और स्वास्थ्य वर्करों की टीम से मच्छरोंका लार्वा सर्वे कराया जा रहा है।

- **डॉ प्रियंवदा गुप्ता,** जिला मलेरिया अधिकारी रायसेन।

## छात्राओं ने लगाया मारपीट का आरोप, किया प्रदर्शन

### प्रदर्शन कर रहीं छात्राओं को दी समझाइश



हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायसेन

शहर के शासकीय एक्सीलेंस स्कूल पाटनदेव में मामूली विवाद को लेकर प्राचार्या पर छात्राओं ने मारपीट का आरोप लगाया है। इसके बाद नाराज छात्राएं सागर मार्ग पर बैठकर चक्काजाम कर दिया। यह चक्काजाम करीब 45 मिनट तक चला, जिससे वाहनों की लंबी कतार लग गई।

सूचना मिलते ही एसडीओपी प्रतिभा शर्मा, टीआई नरेंद्र गोयल, सहायक संचालक शिक्षा सुश्री मोनिका पटेल ने मौके पर पहुंचकर छात्राओं को समझाइश दी, तब जाकर चक्काजाम समाप्त हुआ।

शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय पाटनदेव में शुक्रवार को छात्राओं ने प्राचार्या स्वाति चौहान के खिलाफ प्रदर्शन किया। कक्षा 12वीं की छात्राओं ने प्राचार्या पर मारपीट का आरोप लगाया। छात्राओं ने विद्यार्थी परिषद के कार्यकर्ताओं के साथ मिलकर स्कूल के सामने सड़क पर चक्काजाम कर दिया। जाम के दौरान सागर रोड पर वाहनों की लंबी कतारें लग गईं। स्कूली वाहन और यात्री बसें भी फंस गईं। कुछ वाहन चालकों के साथ छात्रों की नोक-झोंक भी हुई।

लिखित आश्वासन मिलने के बाद दोपहर 3 बजे चक्काजाम समाप्त हुआ। छात्राओं का कहना है कि लंच के दौरान स्कूल से बाहर जाने पर लौटते समय प्राचार्य ने उनके साथ मारपीट की। संजना लोधी, श्रद्धा सेन, भूमिका दांगी और सिमरन धाकड़ ने प्राचार्य पर टॉर्चर करने का भी आरोप लगाया। दूसरी तरफ, प्राचार्य स्वाति चौहान ने सभी आरोपों को निराधार बताया।

### खबर संक्षेप

#### थाना प्रांगण में आईजी व एसपी ने किया पौधरोपण



**सांची।** हरियाली महोत्सव के दौरान थाना सांची में नर्मदापुरम आईजी मिथिलेश शुक्ला, एसपी पंकज पांडे ने थाना परिसर में आम का पेड़ लगाकर हरियाली महोत्सव के अंतर्गत पौधे रौपे। उन्होंने लोगों को बताया कि वृक्ष ही मनुष्य को प्रदूषण से मुक्त कर सकते हैं। एसपी द्वारा लोगों को समझाया गया कि एक पेड़ अपने घर पर हर व्यक्ति को लगाना चाहिए, जिससे होने वाले इस प्रदूषण से हम लोग मुक्त हो सके। इस मौके पर सांची थाना भारी जेपी त्रिपाठी और सभी पुलिस कर्मी मौजूद रहे।

#### कलेक्टर ने वनखेड़ी में स्कूल का किया निरीक्षण



**रायसेन।** शुक्रवार को कलेक्टर अरूण विश्वकर्मा द्वारा सांची ब्लॉक के ग्राम बनखेड़ी में एकीकृत शासकीय हाईस्कूल का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने प्राचार्य एवं शिक्षकों से स्कूल में प्रवेशित बच्चों की संख्या तथा उनकी उपस्थिति, शैक्षणिक कार्य की जानकारी ली। साथ ही स्कूल में पदस्थ शिक्षकों की जानकारी लेते हुए उपस्थिति पंजी देखी। कलेक्टर ने शिक्षकों से कहा कि स्कूल समय पर खुले।

## सांची विश्वविद्यालय में जापान में बौद्ध धर्म के विकास पर हुए व्याख्यान



हरिभूमि न्यूज ▶▶ सलामतपुर

साँची बौद्ध-भारतीय ज्ञान अध्ययन विश्वविद्यालय में विशिष्ट व्याख्यान में दिल्ली विश्वविद्यालय के ईस्ट एशियन स्टडीज विभाग के पूर्व विभागाध्यक्ष प्रोफेसर नवीन कुमार पाण्डा ने जापान में बौद्ध धर्म के विकास पर विस्तार से चर्चा की।

प्रो. पाण्डा ने बताया कि 552 ईस्वी में कोरिया के राजा सूंग द्वारा जापान में बौद्ध धर्म का प्रवेश हुआ, जिसे सोगा सम्प्रदाय का समर्थन मिला। इसके बाद बौद्ध धर्म जापान में गहराई से स्थापित हुआ और विभिन्न संप्रदायों मंम विकसित हुआ। उन्होंने एक भारतीय भिक्षु बोधिसेन के योगदान की भी चर्चा की। उन्होंने बताया कि दुनिया का पहला उपन्यास जापानी भाषा में एक महिला द्वारा 11वीं सदी में लिखा गया था। प्रो. पाण्डा ने बताया कि बौद्ध धर्म का जापानी साहित्य पर भी बहुत प्रभाव है।

### दोनों पक्ष तहसील में करवा रहे सत्यापन

## जमीन कोली ली, लिखवाया कोलीनामा और कराया मूंग बेचने का पंजीयन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बरेली

इस वर्ष ग्रीष्मकालीन मूंग की खेती किसानों के लिए परेशानियों का कारण बन रही है। मूंग की कटाई के दौरान बारिश होती रही। सरकार ने मूंग समर्थन मूल्य पर खरीदने की भारी विलंब से घोषणा की। 6 जुलाई तक किसान मूंग बेचने पंजीयन करवाते रहे। 7 जुलाई के स्थान पर 14 जुलाई एक सप्ताह के विलंब से कुछ केंद्रों पर मूंग की खरीद तौल प्रारंभ हुई और अब एक और नई परेशानी का सामना जमीन कोली पट्टे पर लेकर खेती करने वालों के सामने आ रही है।

कोलीनामे का सत्यापन करने दोनों किसानों को तहसील में उपस्थित होने की मजबूरी बन रही है। जिससे किसान हैरान परेशान बने नजर आ रहे हैं।

किसी भी उपज को बेचने किसानों द्वारा पंजीयन कराना अनिवार्य है। ऐसे सैकड़ो किसान है, जिनके पास जमीन तो है, परंतु स्वयं खेती न कर अन्य किसानों को गोली पट्टे पर दे देते हैं। अब उपज बेचने एक बार जरूरी दस्तावेज जमा होते हैं। उसके बाद पिछले वर्ष के आधार पर किसान ऑनलाइन पंजीयन करवा लेते हैं जिसमें उपज का उत्पादन कोली



की स्थिति बदलने की संभावना बनी रहती है। मूंग के पंजीयन में फर्जीवाडा ना हो उसकी जांच पड़ताल जरूरी है।

#### किसानों की लग रही भीड़

जिन किसानों ने अन्य किसानों से जमीन खोली पत्ते पर लेकर मूंग की खेती की ऐसे किसानों ने पंजीयन तो कर लिया परंतु अब गोली नाम के सत्यापन के लिए तहसील कार्यालय के चक्कर लगाने के साथ दोनों पक्षों को तहसीलदार के समक्ष उपस्थित होना पड़ रहा है राजस्व रिकॉर्ड से मिलान सत्यापन के बाद ऐसे किसानों की मुक्त चल पाएगी चर्चा का बनी हुई है।

## चोरी की वारदातों पर कसा जाएगा शिकंजा, रात में बढ़ेगी पुलिस गश्त

### एसपी पंकज पांडे बोले - पूरी सजगता के साथ करें ड्यूटी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायसेन

जिलेभर में रात्रि 12 से सुबह 4 बजे तक पुलिस गश्त करेंगे। इसमें 105 अधिकारी व पुलिस कर्मियों की ड्यूटी लगाई जाएगी। एसपी पंकज पांडे एएसपी कमलेश कुमार खरपुसे ने थाना प्रभारियों एवं ड्यूटी अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि रात्रिकालीन गश्त एवं नाकाबंदी के दौरान सजगता, संवेदनशीलता और जिम्मेदारी के साथ कार्य करें। गश्त व नाकाबंदी केवल औपचारिकता न होकर अपराध नियंत्रण की एक प्रभावी रणनीति है।

उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि किसी भी प्रकार की लापरवाही या उदासीनता बर्दाश्त नहीं की जाएगी। जनता से कहा कि किसी संदिग्ध व्यक्ति या गतिविधि को देखें तो तत्काल पुलिस को सूचित करें। पुलिस आम जनता की सुरक्षा के लिए हर संभव प्रयास करती रहेगी।



#### पुलिस करेगी सघन नाकाबंदी

*एसपी पांडे ने शहर सहित आसपास लगातार हो रही चोरी की घटनाओं पर अंकुश लगाने रात 12 से 4 बजे तक पुलिस गश्त और नाकाबंदी करने का निर्णय लिया है। आपराधिक तत्वों पर नियंत्रण पाने रात्रिकालीन गश्त एवं नाकाबंदी अभियान चलाया गया है। इस दौरान भोर तक जिले के विभिन्न स्थानो, मार्गों तथा संभावित अपराध क्षेत्र में विशेष गश्ती टीम पहुंचेगी। साथ ही जिले की सीमाओं, प्रमुख चौक-चौराहों, मार्गों और संवेदनशील क्षेत्रों में सघन नाकाबंदी की जाएगी।*

#### अपराधियों के विरुद्ध कठोर कार्यवाही करें : एसपी

*एसपी ने सतत निर्देश दिए है कि किसी भी प्रकार की आपराधिक घटना की पुनरावृत्ति नहीं होनी चाहिए। पुलिस पूरी मुस्तैदी के साथ काम करे और अपराधियों के विरुद्ध कठोर कार्यवाही करे। अभियान के लिए एएसपी खरपुसे को प्वाइंट ड्यूटी का नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। वहीं सहायक नोडल डीएसपी प्रतिभा शर्मा की नियुक्ति की गई है। नाकाबंदी और गश्त व्यवस्था के लिए अन्य पुलिस अधिकारियों को भी जिम्मेदारी सौंपी गई है।*

## मूंग देरी से खरीदने पर हाईवे पर किसानों ने लगाया जाम

### ◆ अधिकारियों ने पहुंचकर दी किसानों को समझाइश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिलवानी

स्टेट हाइवे 44 स्थित पटेल वेयर हाउस के सामने किसानों ने जाम लगा दिया। जाम लगने से मार्ग के दोनों तरफ वाहनों की कतार लग गई। मौके पर पहुंचे अधिकारियों ने किसानों से बात कर जाम समाप्त कराया। जाम समाप्त होने से यातायात व्यवस्था सुचारु हो सकी।

जानकारी के अनुसार डुंगरिया स्थित वेयर हाउस जिसे मूंग उपार्जन केंद्र बनाया गया है। जहां बड़ी संख्या



में किसान ट्रेक्टर-ट्रालियों में भर कर मूंग तुलाई के लिए ला रहे है। बताया जा रहा है कि वेयर हाउस परिसर में वाहनों की संख्या अधिक होने से किसानों को आवागमन में परेशानी हो रही थी, जिससे किसान आक्रोशित हो गए तथा स्टेट हाईवे 44 सिलवानी-उदयपुरा मार्ग पर बैठ कर चक्काजाम कर दिया।

जाम से वाहनों की लंबी लंबी कतार लग गई। सूचना मिलने पर एसडीएम पीसी शाक्य, एसडीओपी अनिल मौर्य, तहसीलदार सुधीर शुक्ला मौके पर पहुंचे तथा किसानों से बात की। अधिकारियों की समझाइश पर किसानों ने जाम को समाप्त कर दिया।

एसडीएम पीसी शाक्य ने बताया कि डुंगरिया स्थित पटेल वेयर हाउस को मूंग खरीदी केंद्र बताया गया है जहां पर शुक्रवार को जगह की समस्या के चलते नाराज किसानों ने हाइवे पर बैठ कर जाम लगा दिया। मौके पर पहुंच कर किसानों से चर्चा की गई। चर्चा से संतुष्ट किसानों ने जाम को समाप्त किया।

## सरस्वती स्कूल के बच्चों ने निकाली पर्यावरण जागरुकता रैली

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिलवानी

लोगों को पर्यावरण के प्रति जागरुक करने, क्षेत्र को हरा भरा बनाए रखने का संदेश देने के लिए सरस्वती शिशु विद्या मंदिर के द्वारा नगर में पर्यावरण जागरुकता रैली निकाली। रैली में विद्यालय के भैया वहनो के द्वारा सहभागिता की गई।

विद्याभारती मध्य भारत प्रांत द्वारा मार्गदर्शित वीर शिवाजी शिक्षण समिति द्वारा संचालित नगर के सरस्वती शिशु विद्या मंदिर के भैया वहनो के द्वारा प्राचार्य मयंक लाहौरी के मार्ग दर्शन में नगर में पर्यावरण जागरुकता रैली निकाली। स्कूल परिसर से प्रारंभ हुई रैली नगर के मुख्य मार्गो से गुजर कर प्रांरभिक स्थल पर पहुंच कर समाप्त हो गई।

रैली में सहभागिता कर रहे भैया वहन हाथो में पर्यावरण संरक्षण को लेकर स्लोगन अंकित तख्तियां रखे हुए थे। रैली में पर्यावरण बचाओं जीवन बचाओं तथा हरित भारत-स्वच्छ भारत जैसे नारे लगाकर पौधे रोपण करने का आग्रह किया।

## विधिक जागरूकता शिविर का किया आयोजन, दी महत्वपूर्ण जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दीवानगंज

ग्राम पंचायत दीवानगंज, अंबाड़ी और सेमरा में विधि जागरूकता शिविर का आयोजन शुक्रवार को किया। शिविर में जिला विधिक प्राधिकरण में न्यायाधीश श्रीमती हर्षिनी यादव, जिला विधिक प्राधिकरण अधिकारी अनीस अब्बासी सहित काफी संख्या में महिलाएं और पुरुषों ने भाग लिया।

यह शिविर लोगों को कानून के बारे में जागरूक करने और उनकी कानूनी अधिकारों के बारे में अवगत कराने के उद्देश्य से किया। लोगों को जिला विधिक सेवा प्राधिकार की ओर से मिलने वाली निःशुल्क कानूनी सहायता से संबंधित कई महत्वपूर्ण जानकारी दी गई।

लोगों को राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण (नालसा) द्वारा नागरिकों



को कानूनी सहायता और सलाह प्रदान करने के उद्देश्य से जारी टोल-फ्री नंबर 15100 की जानकारी दी। कहा यह सेवा उन लोगों के लिए विशेष रूप से महत्वपूर्ण होगी जो कानूनी जानकारी, सहायता या मार्गदर्शन चाहते हैं। इस नंबर पर कॉल करके कोई भी व्यक्ति अपनी कानूनी समस्याओं के लिए घर बैठे हीं मदद प्राप्त कर सकता है।

दीवानगंज अंबाडी और सेमरा पंचायत में पौधरोपण भी किया। जिसमें मुख्य रूप से दीवानगंज सरपंच गिरजेश नायक, सेमरा सरपंच भानु लोधी, अंबाड़ी सरपंच कुंती रमेश कुमार अहिरवार, चौकी परिवार सुनील शर्मा, सचिव लीला किशन अहिरवार, लक्ष्मी नारायण शाक्या, रामप्रसाद मालवीय सहित गांव के ग्रामीण उपस्थित रहे।

### दो केंद्रों को मूंग खरीदने नहीं मिले वेयरहाउस

## मूंग खरीदने बनाए 16 चालू हुए 14 केंद्र

#### केंद्रों पर उमड़ रही मूंग लेकर किसानों की भीड़

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बरेली

क्षेत्र में समर्थन मूल्य पर मूंग खरीदने 16 केंद्र वेयरहाउस बनाए गए और सहकारी संस्थाओं को मूंग खरीदने की जिम्मेदारी सौंपी गई। 7 जुलाई के स्थान पर 14 जुलाई से मूंग की खरीद कुछ केन्द्रों पर शुरू हुई। अभी तक 16 में से 14 खरीदी केंद्र व मुश्किल शुरू हो पाए हैं। दो सहकारी संस्थाओं बगलवाडा एवं चैनपुर को वेयरहाउस ना मिलने से समर्थन मूल्य पर मूंग की खरीद अटकी हुई है।

खरीदी केन्द्र वेयरहाउसों पर अपनी मूंग ट्रैक्टर ट्रालियों में भरकर किसानों की भीड़ उमड़ रही है। वेयरहाउस के बाहर सड़कों पर सैकड़ो ट्रैक्टर ट्रालियां दिन रात खड़ी रहने से जाम लगे सुरक्षित यातायात प्रभावित होने

#### बिना भौतिक सत्यापन बना दिए खरीदी केन्द्र



के साथ कभी भी घटना दुर्घटना की संभावना बन रही है।

**एक सप्ताह का विलंब :** सरकार ने 7 जुलाई से मूंग खरीदने की घोषणा की। परंतु बरेली क्षेत्र में मूंग की खरीद एक सप्ताह बाद शुरू हो पाई। खरीद व्यवस्था से जुड़े जिम्मेदार लोगों की लापरवाही पूर्ण उदासीन कार्य प्रणाली के कारण केन्द्र बनाने के साथ अन्य व्यवस्थाओं में विलंब हुआ। मूंग बेचने के लिए पंजीयन जरूरी होने के साथ किसानों को स्लॉट बुक करने पर मूंग लाने की तिथि मिलती है। परंतु क्षेत्र के केन्द्रों पर मूंग की तौल के लिए जल्दबाजी नाराजगी और भारी भीड़ उमड़ रही है।

मूंग को सर्वेयर, गोदाम संचालकों एवं खरीद संस्थाओं के द्वारा पास किए जाने के मूंग की निर्धारित स्थिति पर तौल होती है। परंतु खरीदी केंद्रों के बाहर एक एक किलोमीटर लंबी ट्रैक्टर ट्रालियों की लाइन लग रही हैं। एक सवा महीने से मूंग तुलने का इंतजार बना हुआ है कि शीघ्र अति शीघ्र मूंग की तुलाई का किसी भी हद तक जाकर प्रयास करते नजर आ रहे हैं।

#### बारिश कीचड़ की परेशानियां

सड़कों के किनारे भीतर तक वेयरहाउस बने हुए हैं जहां बारिश से मिट्टी गीली और कीचड़ दलदल की परेशानियां किसानों को झेलना पड़ रही है।